| Sanford Policy<br>**एंटरप्राइज**<br>**Patient Financial Services:** | **Financial Assistance - Enterprise** |
|---|---|
| | **अनुमोदक:** Enterprise Board of Trustees, EXECUTIVE VICE PRESIDENT, CHIEF FINANCIAL OFFICER & TREASURER, SYSTEM VICE PRESIDENT, FINANCE, HEALTH SERVICES |
| **समीक्षा/पुनरीक्षण तिथि:** 10/13/2021 | **प्रतिपादक:** SENIOR DIRECTOR, PATIENT ACCOUNTS |

**संदर्भ नीति** संग्रह - एंटरप्राइज़

**दायरा:** सभी सैनफोर्ड प्रदाता और सुविधाएँ

**उद्देश्य:**
सैनफोर्ड, जाति, पंथ, लिंग, राष्ट्रीयता, मूल, अक्षमता, आयु या भुगतान करने की क्षमता के संबंध में बिना कोई भेदभाव किए सभी मरीजों को आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह नीति सैनफोर्ड के अस्पतालों और क्लीनिकों में आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा सेवा प्राप्त करने वाले सभी योग्य मरीजों को वित्तीय सहायता प्रदान करने की सैनफोर्ड की नीति और प्रक्रियाओं को निर्धारित करती है।

**नीति:**
सैनफोर्ड में आपातकालीन या आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं को प्राप्त करने वाले मरीजों को वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने का मौका मिलता है। इस नीति में स्थापित पात्रता मानदंडों को पूरा करने वाले मरीजों के लिए, सैनफोर्ड वित्तीय सहायता प्रदान करेगा जो इन सेवाओं के लिए भुगतान संबंधी वित्तीय दायित्वों को कम कर सकती है।

**परिभाषाएँ:**
इस नीति के उद्देश्यों पर निम्न परिभाषाएँ लागू होती हैं:

**आपातकालीन देखभाल और सेवाएँ:** जो लोग आपातकालीन चिकित्सा सेवा के लिए किसी भी सैनफोर्ड आपातकालीन विभाग में आते हैं, उनकी यह निर्धारित करने के लिए एक योग्य चिकित्सक द्वारा मेडिकल स्क्रीनिंग परीक्षा की जाएगी कि आपातकालीन चिकित्सा की परिस्थिति है या नहीं। एक आपातकालीन चिकित्सा स्थिति स्पष्ट लक्षणों वाली स्थिति है, जिसमें गंभीर दर्द, मनोवैज्ञानिक गड़बड़ी और/या मादक द्रव्यों के सेवन से जुड़े लक्षण शामिल हैं, जिसका मतलब है कि तत्काल चिकित्सा न मिलने पर किसी व्यक्ति या अजन्मे बच्चे के शरीर के किसी अंग या उसके कार्य पर गंभीर परिणाम हो सकते हैं या उसमें खराबी आ सकती है, या उसके स्वास्थ्य को खतरा हो सकता है। गर्भवती महिला में संकुचन के संबंध में, एक आपातकालीन चिकित्सा स्थिति में ऐसी स्थितियाँ भी शामिल हैं जहाँ प्रसव से पहले महिला को सुरतिकथ्ष रूप से सथ्थानांततिर करने के लिए पर्याप्त समय नहीं है या सथ्थानांतरण से उस महिला या उसके अजनथ्मे बच्चे को खतरा पैदा होगा। (सैनर्फोरथ नीत सी-855 देखें, EMTALA अनुपालन से संबंतिध आचार मानक)।

Copyright© सैनफोर्ड

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

**आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाएँ:** आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाओं में रोग का पता लगाने और स्वास्थ्य देखभाल के व्यावसायिक रूप से मान्यता प्राप्त मानकों के अनुसार शारीरिक या मानसिक स्थितियों के लिए रोग निवारक या प्रशामक उपचार प्रदान करने के लिए आवश्यक प्रक्रियाएँ और उपचार शामिल हैं।

**वित्तीय सहायता में क्या शामिल नहीं है:** "आवश्यक चिकित्सा" शब्द में कॉस्मेटिक प्रक्रियाएँ, निरोध या प्रजनन उपचार, गैस्ट्रिक बाय-पास प्रक्रियाएँ, गैर-आपातकालीन दंत चिकित्सा सेवाएँ, प्रयोगात्मक या गैर-पारंपरिक देखभाल, परीक्षण या उपचार, श्रवण सहायता, और अन्य खुदरा सेवाएँ जैसे कि ऑप्टिकल शॉप, या टिकाऊ या घरेलू चिकित्सा उपकरण शामिल **नहीं** हैं। इस नीति के प्रयोजनों के लिए, सैनफोर्ड के पास अलग-अलग मामलों के आधार पर यह निर्धारित करने का अधिकार सुरक्षित है, कि देखभाल और सेवाएँ, वित्तीय सहायता के लिए योग्यता के उद्देश्य से निश्चित "आवश्यक चिकित्सा" की परिभाषा और मानक को पूरा करती हैं या नहीं।

देखभाल प्रदाताओं से प्राप्त सेवाएँ सैनफोर्ड द्वारा नियोजित नहीं हैं (उदाहरण के लिए निजी और/या गैर-सैनफोर्ड चिकित्सा और चिकित्सक पेशेवर, गैर-FM एम्बुलेंस परिवहन इत्यादि) मरीजों को किसी भी उपलब्ध सहायता और भुगतान की व्यवस्था करने के लिए सीधे इन प्रदाताओं से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। (इस नीति के तहत कवर न किए गए प्रदाताओं की पूरी सूची के लिए परिशिष्ट II देखें।)

**वित्तीय सहायता के लिए पात्रता मानदंड:** सैनफोर्ड के इस दृढ़ संकल्प पर कि रोगी की देखभाल और सेवाएँ या तो "आपातकालीन देखभाल और सेवाएँ" या "आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाएँ" की परिभाषा को पूरा करती हैं, एक मरीज (चाहे किसी तीसरे पक्ष द्वारा बीमित नहीं या बीमित) पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता को प्राप्त करने के योग्य है, निम्नलिखित मानदंडों के अधीन:

1. फेडरल पावर्टी लेवल (FPL) की 225% या उससे कम की घरेलू आय वाला मरीज (या मरीज का गारंटर) पूर्ण वित्तीय सहायता के लिए पात्र है।
2. फेडरल पावर्टी लेवल (FPL) की 226% और 375% से बीच की घरेलू आय वाला मरीज (या मरीज का गारंटर) आंशिक वित्तीय सहायता के लिए क्रमिक रूप से कम सहायता का पात्र है। (स्लाइडिंग शुल्क अनुसूची के विवरण के लिए परिशिष्ट I देखें।)
3. पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता की पात्रता, वित्तीय सहायता आवेदन को पूरा करने और वित्तीय आवश्यकता को दर्शाने वाले सैनफोर्ड द्वारा माँगे गए पर्याप्त दस्तावेजों को जमा करने पर संभाव्य होती है। असाधारण परिस्थितियाँ वित्तीय सहायता के लिए मरीज (या गारंटर) की पात्रता को प्रभावित कर सकती हैं और अलग-अलग मामले के आधार पर विचार में लाई जा सकती हैं। निम्न परिस्थितियाँ शामिल हैं, लेकिन उन तक सीमित नहीं हैं:
    - रोजगार स्थिति
    - कुल ऋण (चिकित्सा और गैर-चिकित्सा)
    - दायित्वों से ज्यादा सम्पत्ति (चल और अचल)

Copyright© सैनफोर्ड

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

- मरणांतक बीमारी
- कुल मासिक व्यय

4. सैनफोर्ड के मिनेसोटा अस्पताल की सुविधाओं में आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा देखभाल और सेवाएँ परथप्त करने वाले मिनेसोटा निवासी, मिनेसोटा सिथ्कारथ्उंट कार्यक्रम पॉलिसी के तहत दी जाने वाली छूट के लिए आवेदन करने हेतु भी पारिथ हैं। (मिनेसोटा सिथ्कारथ्उंट कार्यक्रम – एंटरपरथइज पॉलिसी देखें)

**क्रियाविधि:**

**वित्तीय सहायता की उपलब्धता**

1. सैनफोर्ड सभी मरीजों और जनता को वित्तीय सहायता की उपलब्धता के बारे में पूरी तरह से सूचित करने के लिए उचित प्रयास करता है, जिसमें संचार के निम्नलिखित साधन शामिल हैं:
    - सभी मरीज पंजीकरण स्थानों पर और सुविधा के अन्य सार्वजनिक स्थानों में साइन बोर्ड लगाना।
    - पंजीकरण डेस्क पर वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता सरल भाषा सारांश और वित्तीय सहायता आवेदन उपलब्ध कराएँ।
    - वित्तीय सहायता सरल भाषा सारांश, वित्तीय सहायता नीति और वित्तीय सहायता आवेदन पत्र सहित जानकारी को Sanfordhealth.org वेबसाइट पर पोस्ट करना।
    - वित्तीय सहायता की उपलब्धता और आवेदन करने के तरीकों के बारे में तथा मरीज के बिल विवरण की लिखित अधिसूचना प्रदान करना।
    - मरीजों या गारंटरों के साथ टेलीफोन पर बिल के बारे में चर्चा करते समय वित्तीय सहायता की उपलब्धता का उल्लेख करना।
    - एडमिट या डिस्चार्ज करते समय मरीज को प्रदान किए जाने वाले ब्रोशर और अन्य जानकारी में लिखित अधिसूचना प्रदान करना।
    - स्थानीय सामाज सेवा एजेंसियों को जानकारी प्रदान करना।
2. सैनफोर्ड किसी भी भाषा या अक्षमता बाधा को दूर करने में मदद करने के लिए उचित प्रयास करता है जो वित्तीय सहायता की उपलब्धता के बारे में मरीजों और गारंटरों को सूचित करने के लिए अवरोध कम कर सकती है, जिनमें निम्न शामिल हैं:
    - अंग्रेजी में और किसी भी अन्य भाषा में बहुभाषी संकेत जो कम से कम 5% आबादी या 1000 व्यक्ति सीमा वाली आबादी के उस समुदाय की प्राथमिक भाषा है जहाँ सुविधा स्थित है।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

- Sanfordhealth.org वेबसाइट पर अंग्रेजी में और किसी भी अन्य भाषा में बहुभाषी संकेत जो कम से कम 5% आबादी या 1000 व्यक्ति सीमा वाली आबादी के उन समुदायों की प्राथमिक भाषा है जहाँ सैनफोर्ड सुविधाएँ स्थित हैं।
- भाषा या विकलांगता आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए मरीज या मरीज के गारंटर के अनुरोध पर दुभाषिए प्रदान करना।

3. सैनफोर्ड की वित्तीय सहायता नीति, वित्तीय सहायता आवेदन पत्र और एक सरल भाषा सारांश अंग्रेजी में निशुल्क उपलब्ध है (या किसी भी अन्य भाषा में बहुभाषी संकेत के रूप में उपलब्ध है जो कम से कम 5% आबादी या 1000 व्यक्ति सीमा वाली आबादी के उन समुदायों की प्राथमिक भाषा है जहाँ सैनफोर्ड सुविधाएँ स्थित हैं)। व्यक्ति इन दस्तावेजों को निम्नलिखित माध्यमों से प्राप्त कर सकते हैं:
    - हार्ड कॉपी व्यक्तिगत रूप से प्रदान की जा सकती हैं या अनुरोध पर मरीज को भेजी जा सकती हैं।
    - हार्ड कॉपियाँ वेबसाइट (Sanfordhealth.org) से एक्सेस, डाउनलोड और प्रिंट की जा सकती हैं।
4. जैसे ही सैनफोर्ड आपातकालीन या आवश्यक चिकित्सा सेवाएँ प्रदान करता है, मरीज या गारंटर वित्तीय सहायता आवेदन पत्र जमा कर सकता है। वित्तीय सहायता पर विचार करने के लिए आवेदन करने का अधिकार, सेवा की तारीख से शुरू होता है और मरीज या गारंटर को पहला बिलिंग विवरण भेजे जाने के 240वें दिन तक रहता है। हालांकि, मरीजों और गारंटरों को जल्द से जल्द वित्तीय सहायता आवेदन जमा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।
5. सैनफोर्ड किसी भी मरीज को वित्तीय सहायता आवेदन को पूरा करने में सहायता प्रदान करता है यदि मरीज को इसकी जरूरत है या वो इस सहायता के लिए अनुरोध करता है तो। मरीजों (या मरीजों के गारंटर) इस सहायता के लिए 877.629.2999 पर सैनफोर्ड रोगी वित्तीय सेवाएँ से संपर्क कर सकते हैं। मरीज किसी भी पंजीकरण डेस्क या प्रवेश स्थान पर उपस्थित हो सकता है और उन्हें वित्तीय सहायता आवेदन पूरा करने में सहायता के लिए किसी व्यक्ति के पास भेजने के लिए निकटतम स्थान पर निर्देशित किया जाएगा।

वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया

1. वित्तीय सहायता माँगने वाले मरीजों (या मरीजों के गारंटर) के लिए निम्नलिखित बाध्यताएँ हैं:
    - वित्तीय सहायता आवेदन पूरा करें, साइन करें और जमा करें।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

- हाल ही में भरा गया IRS टैक्स रिटर्न, दो सबसे हालिया वेतन स्टब्स, और स्वामित्व वाली वास्तविक संपत्ति के लिए संपत्ति कर विवरण जैसे दस्तावेजों सहित वित्तीय जरूरत को प्रमाणित करने के लिए पर्याप्त दस्तावेज जमा करें।
- फ़ॉलो-अप प्रश्नों और जानकारी के लिए अन्य अनुरोधों का जवाब दें ताकि सैनफोर्ड, वित्तीय सहायता के लिए पात्रता का सही तरीके से और तुरंत मूल्यांकन कर सके।
- लागू बीमाकर्ताओं और तृतीय पक्ष के भुगतानकर्ताओं के साथ लंबित मामलों को हल करें और अंतिम रूप दें ताकि सैनफोर्ड वित्तीय सहायता आवेदन की प्रक्रिया के साथ आगे बढ़ सके।
- ऐसे कार्यक्रमों के पात्रता मानदंडों के तहत योग्य पाए जाने पर राज्य या स्थानीय एजेंसियों के माध्यम से उपलब्ध अन्य वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करने में सहयोग।

2. मरीजों (या मरीजों के गारंटर) से समय-समय पर सहयोग करने और अनुरोधित दस्तावेजों और जानकारी को जमा करने की उम्मीद की जाती है। वित्तीय सहायता आवेदन तब तक पूरा नहीं समझा जाएगा जब तक कि मरीज या गारंटर सभी आवश्यक दस्तावेज जमा नहीं करता। सैनफोर्ड मरीजों और गारंटरों को सहायक दस्तावेज जमा करने और फ़ॉलो-अप अनुरोधों का जवाब देने के लिए समुचित समय देता है। लंबित या अपूर्ण वित्तीय सहायता आवेदन रद्द कर दिया जाएगा, यदि मरीज या गारंटर:
    - 30 दिनों के भीतर सभी आवश्यक सहायक दस्तावेज जमा करने में विफल रहता है, या
    - 30 दिनों के भीतर किसी भी फ़ॉलो-अप प्रश्न और अनुरोधों का जवाब देने में विफल रहता है
3. यदि किसी अदत्त खाते को बाहरी संग्रह एजेंसी को दिए जाने के बाद मरीज या गारंटर वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करता है, तो सैनफोर्ड किसी भी असाधारण संग्रह कार्यों से बचना चाहेगा जबकि आवेदन अधूरा और सभी आवश्यक दस्तावेजों की प्रतीक्षा में रह जाता है। हालाँकि, अगर उपर्युक्त अनुच्छेद में उल्लिखित किसी कारण के लिए लंबित वित्तीय सहायता आवेदन को रद्द कर दिया गया है, तो अदत्त खाता सैनफोर्ड की संग्रह नीति के नियमों और प्रावधानों के अधीन होगा।
4. वित्तीय सहायता आवेदन प्राप्त होने पर जो कि "पूर्ण" समझा जाता है, सैनफोर्ड:
    - सभी संग्रह गतिविधि को तब तक निलंबित करेगा जब तक कि सैनफोर्ड वित्तीय सहायता के लिए पात्रता पर अंतिम निर्णय नहीं ले लेता।
    - पूर्ण वित्तीय सहायता आवेदन प्राप्त होने के 30 दिनों के भीतर वित्तीय सहायता के लिए पात्रता का निर्धारण करें।
    - सैनफोर्ड द्वारा वित्तीय सहायता आवेदन को स्वीकार या अस्वीकार करने का निर्णय लिए जाने के 30 दिनों के भीतर मेल द्वारा मरीज (या गारंटर) को सूचित करें।
    - ऐसे मामलों में जहाँ पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता अनुमोदित की जाती है, वित्तीय सहायता का प्रतिशत और राशि दर्शाने के लिए खाते में उचित समायोजन करें।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

5. सैनफोर्ड के विवेकाधिकार के अधीन, एक बार जब मरीज या गारंटर वित्तीय सहायता के लिए योग्यता प्राप्त कर लेता है, तो पात्रता, भविष्य में योग्य देखभाल या सेवाओं को कवर करने के लिए स्वीकृति तिथि से अधिकतम छह महीने तक बढ़ाई जा सकती है। इस विस्तारित अवधि हेतु पात्र होने के लिए, सैनफोर्ड को मरीजों या गारंटरों को अपडेटेड वित्तीय जानकारी प्रदान करना पड़ सकती है।
6. केवल सैनफोर्ड प्रदाताओं द्वारा दी गई सेवाओं और देखभाल के लिए या सैनफोर्ड के केन्द्रीय बिलिंग कार्यालय, रोगी वित्तीय सेवाओं के माध्यम से दी गई सैनफोर्ड सुविधाओं के बिल के भुगतान के लिए वित्तीय सहायता दी जा सकती है।
7. देखभाल प्रदाताओं से प्राप्त सेवाएँ सैनफोर्ड द्वारा नियोजित नहीं हैं (उदाहरण के लिए निजी और/या गैर-सैनफोर्ड चिकित्सा और चिकित्सक पेशेवर, गैर-FM एम्बुलेंस परिवहन इत्यादि) मरीजों को किसी भी उपलब्ध सहायता और भुगतान की व्यवस्था करने के लिए सीधे इन प्रदाताओं से संपर्क करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। (इस नीति के तहत कवर न किए गए प्रदाताओं की पूरी सूची के लिए परिशिष्ट II देखें।)
8. सैनफोर्ड सभी वित्तीय सहायता आवेदनों और सहायक दस्तावेजों की गोपनीयता बनाए रखेगा और इस जानकारी को केवल मरीज या गारंटर के लिखित या मौखिक अनुरोध पर या सैनफोर्ड के बाहरी लेखा परीक्षकों, संग्रह एजेंसियों या कानूनी फर्मों द्वार□ अनुरोध किए जाने पर ही सैनफोर्ड के बाहर साझा कर सकता है।

**अनुमानित वित्तीय सहायता निर्धारण (आवेदन के बिना)**

1. सैनफोर्ड हेल्थ वित्तीय आवश्यकता का आकलन करने के लिए मरीज की जानकारी की इलेक्ट्रॉनिक समीक्षा करने के लिए किसी तीसरे पक्ष का उपयोग कर सकता है। यह समीक्षा एक स्वास्थ्य देखभाल उद्योग द्वारा मान्यता प्राप्त मॉडल का उपयोग करती है जो सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटाबेस पर आधारित है। इस भविष्यवाणी मॉडल में सामाजिक-आर्थिक स्थिति और वित्तीय क्षमता स्कोरिंग की गणना करने के लिए सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटा शामिल होता है। यह स्कोरिंग आय, संपत्ति मूल्यांकन, और तरलता की भविष्यवाणी करती है और अनुमान लगाती है।
2. हमारे पूर्वानुमान मॉडल में उपलब्ध सहायता पूर्ण वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए न्यूनतम सीमा पर निर्धारित की गई है। हालांकि, इसका आंशिक सहायता के निर्धारण के लिए उपयोग नहीं किया जाता है।
3. अनुमानित मॉडल का उपयोग पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता के निर्धारण के लिए अपूर्ण आवेदन के पूरक के रूप में किया जा सकता है।

पूर्ण या आंशिक वित्तीय सहायता देना

1. मरीजों या गारंटरों के लिए जिन्हें पूर्ण वित्तीय सहायता के लिए योग्य समझा जाता है, निर्धारण के 30 दिनों के भीतर सैनफोर्ड मेल द्वारा लिखित अधिसूचना भेजेगा।
2. मरीजों (या गारंटर) जिन्हें आंशिक वित्तीय सहायता के लिए योग्य समझा जाता है, सैनफोर्ड (या यदि मरीज के खाते को संग्रह में भेजा गया है तो उसकी बाहरी संग्रह एजेंसी) मरीज या गारंटर को आंशिक वित्तीय सहायता के लिए छूट दर्शाने वाला बिल प्रस्तुत करेगा। इन मामलों में, आपातकालीन

Copyright© सैनफोर्ड

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

या अन्य आवश्यक चिकित्सा देखभाल के भुगतान के रूप में स्वीकार की गई राशि तीसरे पक्ष के भुगतानकर्ताओं (मेडिकेयर और सभी निजी स्वास्थ्य बीमा कंपनियों सहित) द्वारा बीमाकृत मरीजों को प्रदान की जाने वाली समान सेवाओं के लिए "पूर्ण भुगतान" के रूप में स्वीकृत राशि से अधिक नहीं होगी। इसमें सैनफोर्ड हेल्थ वित्तीय सहायता नीति के तहत अर्हता प्राप्त करने वाले किसी भी मरीज के लिए अधिकतम आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) की बकाया राशि शामिल होती है। सैनफोर्ड उस निर्धारण के 30 दिनों के भीतर मेल द्वारा लिखित अधिसूचना भेजेगा, साथ ही सहायता की पुष्टि प्रदान की जाती है और शेष राशि का भुगतान कैसे करें या उचित भुगतान योजना कैसे बनाएँ, इसके बारे में निर्देश दिए जाते हैं।

- बीमाकृत मरीजों के लिए आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) की मात्रा में दो घटक होते हैं: तीसरे पक्ष के बीमाकर्ता द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि और रोगी द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि।
- मेडिकेयर और सभी निजी वाणिज्यिक स्वास्थ्य बीमा कंपनियों को दी गई छूट के भारित औसत की गणना का उपयोग करके सैनफोर्ड द्वारा AGB छूट राशि तय की जाती है। पिछले बारह महीनों के लिए बीमित मरीजों और उनके तीसरे पक्ष के भुगतानकर्ताओं द्वारा सैनफोर्ड को भुगतान किए गए वास्तविक दावों का विश्लेषण करके प्रत्येक बारह महीनों में AGB छूट राशि तय की जाती है।
- (क्षेत्र के अनुसार प्रभावी वर्तमान छूट राशियों के लिए परिशिष्ट III देखें।)

**संग्रह व्यवहार**

1. सैनफोर्ड उन मरीजों और गारंटरों से भुगतान की अपेक्षा करता है जो भुगतान कर सकते हैं। यदि ऐसे मरीज़ या गारंटर उनकी वित्तीय बाध्यताएँ पूरी करने में विफल रहते हैं या ऐसा करने से मना कर देते हैं तो सैनफोर्ड संग्रहित कार्रवाई में शामिल हो सकता है जिसमें अदत्त खात□□ को बाहरी संग्रह एजेंसियों को देना शामिल है। यह निर्धारित करने के लिए उचित प्रयास करने से पहले, कि क्या कोई व्यक्ति जिसका अदत्त खाता है, वित्तीय सहायता के लिए पात्र है या नहीं, सैनफोर्ड असाधारण संग्रह कार्यों में शामिल नहीं होगा। अधिक जानकारी के लिए, कृपया सैनफोर्ड की संग्रह - एंटरप्राइज़ नीति देखें।
2. एक्सेस करने के लिए यह लिंक इस्तेमाल करें: संग्रह - एंटरप्राइज़

**इस नीति का व्यवस्थापन**

1. इस नीति को प्रशासित और समायोजित करने के लिए स्थानीय ऑपरेटिंग प्रक्रियाओं को विकसित करने की जिम्मेदारी प्रत्येक सैनफोर्ड सुविधा की है, जिसमें निम्न शामिल है:

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

- साइनेज और अन्य दस्तावेजों, और दुभाषियों की व्यवस्था के लिए स्थानीय बहुभाषी आवश्यकताओं का निर्धारण।
- उनकी सुविधा का लाभ उठाने वाले मरीजों के लिए वित्तीय सहायता उपलब्धता को संप्रेषित करने के लिए कर्मचारियों की शिक्षा और प्रशिक्षण।
- सैनफोर्ड सुविधाओं के लिए ट्रैकिंग प्रक्रियाएँ और खाता समायोजन कोड जो सैनफोर्ड के केंद्रीकृत बिलिंग फ़ंक्शन का उपयोग नहीं करते हैं।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

परिशिष्ट **I – सहायता के लिए स्लाइडिंग छूट शेड्यूल**

**सहायता के लिए स्लाइडिंग छूट शेड्यूल**

*जब रोगी और उसके परिवार की चिकित्सा परिस्थिति की कठिनाई का समर्थन करने वाले अतिरिक्त दस्तावेज सैनफोर्ड को दिए जाते हैं तो अलग-अलग मामलों के अनुसार वित्तीय सहायता पर विचार किया जा सकता है।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

**परिशिष्ट II – सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति और प्रदाताओं की सूची के तहत कवर किए गए प्रदाताओं और सुविधाओं की सूची जो सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति के तहत शामिल नहीं है**

कृपया संलग्न सूची देखें।

- पहली सूची सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति के तहत शामिल प्रदाताओं और सुविधाओं को दर्शाती है।
- दूसरी सूची योग्यता रखने वाली सैनफोर्ड सुविधा की सेवाएँ प्रदान करने वाले प्रदाताओं को दर्शाती है, लेकिन उन पेशेवर सेवाओं के लिए बिलिंग केन्द्रीय रोगी वित्तीय सेवा कार्यालय के माध्यम से प्रदान नहीं की जाती है। इसलिए, ये सेवाएँ सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति के तहत शामिल नहीं हैं।

Providers covered by Sanford FAP- Enterprise

Providers not covered by Sanford FAP- Enterprise

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।

## परिशिष्ट III – आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) वित्तीय सहायता के लिए पात्र मरीजों के लिए न्यूनतम छूट

### आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) छूट – एंटरप्राइज़

विधि 1 का उपयोग कर सैनफोर्ड हेल्थ आमतौर पर बिल की गई राशि (AGB) छूट की गणना करता है: लुक-बैक विधि सैनफोर्ड, मेडिकेयर और निजी तृतीय पक्ष बीमाकर्ता के संयोजन का उपयोग करके उभरती हुई और अन्य आवश्यक चिकित्सा देखभाल सेवाओं पर लागू औसत अनुबंधित अनुमत राशि समायोजन की गणना करके ऐतिहासिक छूट प्रतिशत का उपयोग करता है। इस विधि के तहत, सैनफोर्ड आमतौर पर बिल की गई राशि समेत शुल्कों के प्रतिशत को निर्धारित करने के लिए कुल शुल्कों से बारह महीने की अवधि के लिए अनुमत राशियों (मरीज की जिम्मेदारी के हिस्से सहित) को विभाजित करता है। यह छूट राशि वह राशि है जो सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति के तहत न्यूनतम स्तर की सहायता के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले किसी भी मरीज को बकाया राशि की कमी के रूप में प्राप्त होगी। FAP के तहत उपलब्ध छूट सहित सभी कटौतियाँ और छूट के बाद शेष राशि लागू की जाती है और उसमें से बीमाकर्ताओं द्वारा प्रतिपूर्ति की गई राशि को घटा दिया जाता है, इस प्रकार जो राशि आती है उसका भुगतान उस मरीज को व्यक्तिगत रूप से करना होगा।

कृपया संलग्न स्प्रेडशीट देखें जिसमें क्षेत्र के अनुसार सुविधा द्वारा इस गणना को सूचीबद्ध किया गया है और Sioux Falls क्षेत्र और फार्गो क्षेत्र के लिए वित्तीय सहायता छूट को संसाधित करते समय उपयोग किए गए छूट प्रतिशत का क्षेत्रीय रोल-अप भी देखें।

1 जुलाई को शुरू होने वाले वित्तीय वर्ष के दौरान प्रदान की जाने वाली सेवाओं हेतु प्रभावी होने के लिए इन गणनाओं को चालू वर्ष के मई माह के अंत में पिछले 12 महीनों के आंकड़ों के वार्षिक आधार पर पूरा किया गया है।

Copyright© **सैनफोर्ड**

यह नीति सैनफोर्ड द्वारा कॉपीराइट की गई है। यह अंतरराष्ट्रीय कॉपीराइट और ट्रेडमार्क कानूनों द्वारा संरक्षित है। यह केवल आंतरिक उपयोग के लिए है। आप सैनफोर्ड की स्पष्ट लिखित सहमति के बिना इस नीति से सामग्री को पुन: उत्पन्न, पुन: प्रकाशित या पुनर्वितरित नहीं कर सकते।